पुस्तकालय

1
3097
2/8/10

सत्यमेव जयते

असंशोधित

23 JUL 2010

# बिहार विधान-सभा वादवृत्त

## सरकारी प्रतिवेदन

(भाग 1—कार्यवाही—प्रश्नोत्तर)

प्रतिवेदन शाखा
पी०प०सं०सं० 1037 तिथि 02-8-10

चतुर्दश विधान सभा | शुक्रवार,तिथि २३ जुलाई,२०१० ई०
पंचदश सत्र | ०१ श्रावण,१९३२ (श)

(कार्यवाही प्रारंभ होने का समय ११ बजे पूर्वाह्न)
(इस अवसर पर अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

अध्यक्ष : अब सभा की कार्यवाही प्रारंभ की जाती है । प्रश्नोत्तर काल ।

प्रश्नोत्तर काल

अध्यक्ष : अल्पसूचित प्रश्न लिये जायेंगे । श्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह ।

अल्पसूचित प्रश्न-११ (श्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह)

श्री नंदकिशोर यादव,मंत्री : महोदय, १. दवा के संबंध में स्वीकारात्मक है तथा दवाओं के भंडारण के संबंध में आंशिक स्वीकारात्मक है । वस्तुस्थिति यह है कि दवाओं की मात्रा के अनुरूप..

(व्यवधान)

अध्यक्ष : बैठिये अशोकजी, आपकी कोई बात प्रोसीडिंग में नहीं जा रही है ।

श्री नंदकिशोर यादव,मंत्री : २. आंशिक रूप से स्वीकारात्मक है ।

अध्यक्ष : माननीय सदस्य,श्री अशोक कुमारजी, आप जो भी कहना चाहते हैं आप प्रस्ताव लाइये आसन उसपर विचार करेगा । आप पहले प्रस्ताव लाईये, आसन उस पर विचार करेगा ।

श्री नंदकिशोर यादव,मंत्री : ३. राज्य के २३ जिलों को ३१,७४,३०० की दर से जिला दवा भंडार बनाने हेतु ..

अध्यक्ष : शांति-शांति, माननीय मंत्रीजी । माननीय सदस्य, आसन नियम और परम्पराओं से बंधा है, सदन के अंदर की कार्यवाही के लिये कार्य संचालन नियमावली है आप उसके अंतर्गत जो भी अपना प्रस्ताव लायेंगे दीजिये, आसन उस पर विचार करेगा ।

(व्यवधान)

श्री विजेन्द्र प्रसाद यादव,मंत्री : अध्यक्ष महोदय, मेरा इसमें है, १२५वीं सालगिरह कांग्रेस मनाने जा रही है, यह पार्टी आजादी के आंदोलन की भी पार्टी रही है । अब इनका जब नियम कानून और संविधान में कोई आस्था नहीं है तो मुझे हैरत है ।

श्री नंदकिशोर यादव,मंत्री : ३. राज्य के २३ जिलों को ३१,७४,३०० रूपये की दर से जिला दवा भंडार बनाने हेतु ७,३०,०८,९०० रूपये की राशि उपलब्ध करायी गयी है । १६ जिलों में दवा भंडार तैयार हो गया है, ७ जिलों में कार्य प्रगति पर है । वित्तीय वर्ष २०१०-११ में सभी ९ प्रमंडलीय मुख्यालय जिलों यथा पटना, मुजफ्फरपुर,गया,सारण,पूर्णियां,दरभंगा, मुंगेर,भागलपुर एवं सहरसा को मोडर्नाइजेशन ऑफ वेयर हाऊस मद में २५-२५ लाख रूपये का प्रावधान किया गया है ।

४. वस्तुस्थिति उपरोक्त कंडिकाओं में अंकित कर दी गयी है ।

श्री गिरिराज सिंह,मंत्री : (क्रमशः) जिसकी भी प्राथमिकी दिनांक २९.५.१० को थाने में दर्ज करायी गयी, जिसके कारण पुनः कार्य बाधित हो गया । पुनः क्षतिग्रस्त किये गये पोल एवं अन्य सामग्रियों के आवंटन की प्रक्रिया की जा रही है । सामग्री उपलब्ध होते ही स्थानीय पुलिस के सहयोग से कार्य पूरा करने का प्रयास किया जायेगा ।

श्री जितेन्द्र कुमार : अध्यक्ष महोदय, कब तक पूरा कर लिया जायेगा, कोई समय सीमा निश्चित करेंगे ?

श्री गिरिराज सिंह,मंत्री : महोदय, मैंने निवेदन किया है कि चार-चार बार पोल,तार काट लिये गये, थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई । मैं चाहूँगा कि माननीय सदस्य महोदय जी जन-जागरण कराने का कार्य करें, लोगों में जागृति लायें, क्योंकि बार-बार बोर्ड के पास कोई ऐसा इन्फ्रास्ट्रक्चर नहीं है कि बोर्ड उसको रात में रखवाली करे । पुलिस से हम सम्पर्क कर रहे हैं और केस कर चुके हैं, अब इसके निष्पादन के बाद यथाशीघ्र करने की कोशिश करेंगे ।

श्री जितेन्द्र कुमार : अध्यक्ष महोदय, यह करोड़ों रू० की लागत से बनाया गया था, युद्ध स्तर पर कर दिया जाता ताकि करोड़ों रू० की सम्पत्ति लगी हुई है, वह बेकार है । इसलिए १० दिनों के अन्दर कर दिया जाता, हमलोग भी पूरा सहयोग करते, पुलिस के सहयोग लेकर पूरे प्रखंड में विद्युत आपूर्त्ति शुरू करा दी जाती तो क्या मंत्री महोदय १० दिनों के अन्दर कार्रवाई करने का विचार रखते हैं ?

श्री गिरिराज सिंह,मंत्री : महोदय, मैं माननीय सदस्य से निवेदन करूँगा कि वो कोऑर्डिनेट करें, कोऑर्डिनेट करने में विभाग सहयोग करेगी, विभाग की इच्छा है, विभाग ने चार-चार बार प्रयास किया है और हम चाहते हैं कि यथाशीघ्र लग जाय । कई बार तार,पोल चोरी हो गये । माननीय सदस्य कोऑर्डिनेट करेंगे, हो जायेगा ।

श्री जितेन्द्र कुमार : यथाशीघ्र मत महोदय, मैंने कहा कि १० दिनों के अन्दर , एक सप्ताह के अन्दर यह स्पष्ट किया जाय ।

अध्यक्ष : गंभीरता से सरकार उसको देखेगी । माननीय सदस्य श्रीमती पूनम देवी यादव ।

तारांकित प्रश्न सं०-१४९(श्रीमती पूनम देवी यादव,स०वि०स०)

श्री नन्दकिशोर यादव,मंत्री : उत्तर अस्वीकारात्मक है ।

वस्तुस्थिति यह है कि अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, बलहा, खगड़िया में लिपिक, फर्मासिस्ट एवं ए०एन०एम० के स्वीकृत सभी पद नियमित पदस्थापन से भरे हुए हैं तथा परिधापक, स्वास्थ्य प्रशिक्षक एवं चतुर्थवर्गीय कर्मचारी के स्वीकृत एक-एक पद पर प्रतिनियुक्त एवं प्रयोगशाला प्रावैधिक के स्वीकृत एक पद पर नियत वेतन पर नियुक्त प्रयोगशाला प्रावैधिक पदस्थापित है ।

श्रीमती पूनम देवी यादव : माननीय अध्यक्ष महोदय, आपके माध्यम से सरकार से जानना चाहती हूँ कि १९९० से जो अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, बलहा में मानसी प्रखंड के अन्तर्गत चल रहा है । १९९० में जब श्री रणवीर यादव तत्कालीन विधायक थे........

अध्यक्ष : प्रश्न आपका क्या है ?

श्रीमती पूनम देवी यादव : प्रश्न यही है कि वहां पर न तो ड्रेशर हैं, न स्वीपर हैं और डॉक्टर भी नहीं बैठते हैं । हम चाहते हैं कि बलहा में जो अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र है, वहां डॉक्टर को बहाल किया जाय और स्वीपर,नर्स एवं ड्रेशर को तृतीय वर्ग के कर्मचारी का पद रिक्त है, उसको जल्द से जल्द बहाल किया जाय ।

श्री नन्दकिशोर यादव,मंत्री : महोदय, मैंने कहा है कि तृतीय एवं चतुर्थ वर्ग के जो पद वहां सृजित हैं, सब पर बहाल कर दिया गया है । पूनम जी जब घर जायेंगी तो लोग बोलेगा कि सब बहाल किया हुआ है, बहाली कर दिया गया और डॉक्टर को भी कहा है कि एक सप्ताह में दो या तीन दिन लोगों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करायें ।

अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, मैं पुनः आप सबसे आग्रह करता हूँ कि सदन की गरिमा को बनाये रखने में सहयोग करें । सदन, आसन नियम परम्पराओं से बंधा है। आपसे पुनः आग्रह है कि आप अपने-अपने स्थान पर जाकर बैठें । हमारा सभा सचिवालय आपके साथ हमेशा रहता है और सभा सचिवालय के कर्मचारियों को किसी प्रकार का बाधा न डालें । आप बेल में न रहें, आप अपने-अपने स्थान पर जायं और जो कुछ नियम, परम्परा कार्य संचालन नियमावली के अनुसार आप जो भी प्रस्ताव लायेंगे, सदन उसपर विचार करेगा । आप जायं अपने स्थान पर, आप अपना प्रस्ताव लिखित दें, आसन उसपर विचार करेगा ।

<u>तारांकित प्रश्न सं०-१५० (श्री लाल बाबू राय,स०वि०स०)</u>

श्री नन्दकिशोर यादव,मंत्री : महोदय, उत्तर स्वीकारात्मक है । वस्तुस्थिति यह है कि ६९४ पदों पर सिनियर रेजिडेन्ट और ट्यूटरों की नियुक्ति की कार्रवाई प्रक्रियाधीन है ।